दैनिक न्याय साक्षी



# मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय रेल मंत्री से की रेल परियोजनाओं पर चर्चा : जल्द होगी शुरू छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख रेल परियोजना

### ❏ रेल मंत्री ने परियोजनाओं पर तेजी से कार्य का दिया आश्वासन

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न नई रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए रेल नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने राज्य की चार प्रमुख रेल परियोजना धर्मजयगढ़-पत्थलगांव, लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना और रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना के जल्द शुरू करने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री साय ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। यह पत्थलगाँव, कुनकुरी, जशपुर नगर, गुमला आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ क्षेत्र को झारखंड से जोड़ेगी और कोरबा-धर्मजयगढ़ परियोजना के कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के माध्यम से औद्योगिक (कोरबा) क्षेत्र को लोहरदगा से जोडऩे की योजना है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र को पूर्व में कोरबा और रांची के होकर मध्य भारत से जोड़ेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 16,000 करोड़ रुपये है।इस परियोजना की मांग आजादी से पहले 1925 में की गई थी। हालांकि, 1948 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना अब तक अधूरी रही। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना अंबिकापुर (उत्तरी छत्तीसगढ़) को बरवाडीह (झारखंड) से जोड़ेगी और परसा, राजपुर, चंदनपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्ट करेगी। इस परियोजना के माध्यम से देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 9000 करोड़ रुपये है।मुख्यमंत्री ने बताया कि यह परियोजना देश के पश्चिमी क्षेत्र में कोयला क्षेत्र, एसईसीएल और एमसीएल कोयला क्षेत्रों की निकासी के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करती है। यह बिलासपुर और रायपुर स्टेशनों को बायपास करते हुए बलौदाबाजार के समेत समृद्ध क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 8000 करोड़ रुपये है।रेलवे पहले से ही दल्ली-



राजहरा-रावघाट 95 किमी नई रेलवे लाइन का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने सुझाव दिया कि इस लाइन को जगदलपुर तक बढ़ाया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के खनिज

क्षेत्र से इस्पात उद्योगों तक लौह अयस्क की निकासी के कुशल और पर्यावरण अनुकूल साधन प्रदान करेगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 3500 करोड़ रुपये है।बैठक के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन परियोजनाओं की संभावनाओं और लाभों को स्वीकार किया और इन पर तेजी से काम करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ राज्य के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और रेलवे मंत्रालय इन्हें प्राथमिकता देगा।

## मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्रियों से महत्वपूर्ण बैठकें

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय केंद्रीय मंत्रियों के साथ कई महत्वपूर्ण मुलाकातें करेंगे। सबसे पहले, वे केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से उनके आवास पर चार बजे मिलेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री राज्य में खेल के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और युवाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय सहायता की मांग कर सकते हैं।इसके बाद, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से रेल भवन में मुलाकात करेंगे। इस बैठक में राज्य में रेलवे परियोजनाओं और उनके क्रियान्वयन पर चर्चा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री राज्य में नई रेल लाइनों, स्टेशनों के आधुनिकीकरण और रेल सेवाओं के विस्तार के लिए केंद्रीय मदद की अपेक्षा रख सकते हैं। विशेष रूप से, वे राज्य में पिछड़े और दूरदराज के क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी चर्चा करेंगे । गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। इस बैठक में राज्य की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री राज्य की जनता की सुरक्षा के लिए और अधिक केंद्रीय सहायता की मांग कर सकते हैं। राज्य में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती और उनके सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष जोर दिया जा सकता है।मुख्यमंत्री इन मुलाकातों में राज्य में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी देंगे और छत्तीसगढ़ सरकार की पिछले छह महीनों की उपलब्धियों से केंद्रीय मंत्रियों को अवगत कराएंगे। केंद्र सरकार का पूरक बजट आने वाला है, और मुख्यमंत्री इस अवसर का उपयोग राज्य की जनता की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को केंद्रीय मंत्रियों तक पहुंचाने के लिए करेंगे। वे राज्य के विकास के लिए केंद्रीय सहायता की मांग करेंगे, जिससे राज्य में विकास कार्यों को और गति मिल सके।मुख्यमंत्री की इन बैठकों से छत्तीसगढ़ राज्य को केंद्र से अधिक सहयोग मिलने की उम्मीद है, जो राज्य के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सारंगढ़ और बरमकेला क्षेत्र में 18 जुलाई को आयुष्मान, आधार, श्रम, पीएम विश्वकर्मा पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू ने निर्देशन में जिले के वीएलई (ऑपरेटर) 18 जुलाई गुरुवार को शिविर में आधार लिंक, आयुष्मान कार्ड निर्माण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन कार्य करेंगे। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा।जिला स्तर पर और सारंगढ़ तथा बरमकेला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से 18 जुलाई को ग्राम रींवापार, परसाडीह, पासीद, छोटे गंतुली, बोइरडीह, हिच्छा, सारंगढ़ रानीसागर के वार्ड 3 में, बरमकेला क्षेत्र के कोतरा, खैरगढ़ी, डूमरसिंहा, चांटीपाली, बरमकेला, साल्हेओना, डोंगरीपाली, गौरडीह रिसोरा, देवगांव पोरथ में शिविर लगाकर ये सभी कार्य किया जाएगा।

### बिलाईगढ़ क्षेत्र में 18 जुलाई को आयुष्मान, आधार, श्रम, पीएम विश्वकर्मा पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू ने निर्देशन में जिले के वीएलई (ऑपरेटर) 18 जुलाई गुरुवार को शिविर में आधार लिंक, आयुष्मान कार्ड निर्माण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन कार्य करेंगे। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा।जिला स्तर पर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़ की ओर से ग्राम खपरीडीह, सलिहा, देवरबोड़, छपोरा, सेमराडीह, भरतपुर, कोरकोटी, मनपसार, कैथा, ठनठनी, सलिहा, भटगांव, पंडरीपाली, पिपरडीह और बालपुर में यह शिविर किया जाएगा।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ महिला की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम निसदा मोड़ के पास पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक में सवार अधेड़ महिला की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका हीराबाई 55 वर्ष डगनिया नवापारा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि वह अपने रिश्तेदार के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एलबील 7933 से कहीं जा रही थी, तभी ग्राम निसदा मोड़ के पास पिकअप क्रमांक ओडी 03 एक्स 3596 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया।

## अब विधायकों को नही घिसनी पड़ेगी कलम छत्तीसगढ़ विधानसभा हो रहा है हाईटेक

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ विधानसभा धीरे-धीरे हाईटेक हो रहा है। विधानसभा सचिवालय की तरफ से अभी तक प्रश्न लगाने की व्यवस्था का ऑनलाइन की गई थी। अब विधायकों को एक और सुविधा ऑन लाइन मिलने लगी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य (विधायक) को अब विधानसभा सचिवालय को ध्यानकर्षण की सूचना देने के लिए कलम नहीं घिसना पड़ेगा। विधानसभा सचिवालय ने इसके लिए भी ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी डॉ रमन सिंह ने दिया निर्देश अफसरों ने बताया कि विधानसभा अध्?यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में जुलाई, 2024 सत्र से ध्यानाकर्षण सूचना माननीय सदस्यों से प्राप्त करने एवं विभागों द्वारा पत्राचार करने के लिए ऑनलाईन प्रकिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से ऑन लाईन ध्यानाकर्षण प्राप्त करने तथा उसका जवाब देने की चरणबद्ध सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण विधान सभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया

इसके साथ ही विधान सभा सचिवालय में 11.07.2024 को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा माननीय सदस्यों के लिए ऑनलाईन ध्यानाकर्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखेश्वर बघेल, नीलकंण्ठ टेकाम, व्यास कश्यप, प्रबोध मिंज, द्वारिकाधीश यादव एवं रायमुनि भगत सहित अन्य सदस्यों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। साथ ही वर्चुअल माध्यम से भी सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इस सत्र में ऑनलाईन प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से की जा रही है। सदस्यों एवं विभागों को ऑनलाईन के साथ ही पूर्वानुसार ऑफलाईन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाईन ध्यानकर्षण की सूचना से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र एवं संसदीय कार्य विभाग के सहयोग से 11 एवं 12 जुलाई, 2024 को मंत्रालय में भी समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## रथ मेला में खुड़खुड़िया पट्टी पर जुआ खेलाने वाले 4 व्यक्तियों को घरघोड़ा पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपियों से 1560 रुपए व 2 मोबाइल जब्त

### ❏ पूंजीपथरा पुलिस ने स्टाइगर गोटी पर जुआ खेलाने वाले 2 व्यक्तियों पर की कार्यवाई

रायगढ़

दिनांक 16.07.2024 को थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेंगारी में रथ मेला का आयोजन किया गया था। शांति व्यवस्था के लिये थाना घरघोड़ा की पेट्रोलिंग भ्रमण पर थी। इसी दरम्यान पुलिस पेट्रोलिंग को मुखबीर से रथ मेले में कुछ व्यक्तियों द्वारा खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलाने की सूचना दी गई। तत्काल घरघोड़ा पुलिस की टीम द्वारा मेले में जुआ खेलाने वालों की घेराबंदी किया गया, मौके पर जुआ खेलने वाले भागे, पुलिस ने खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलाने वाले 04 व्यक्तियों



को पकड़ा जिनसे खुडखुडिया जुआ सामाग्री- खुडखुडिया पट्टी, बांस के टोकरी, गोटी और जुआ रकम रु.1560 एवं 02 मोबाइल की जप्ती की गई है। गिरफ्तार आरोपी- (1) खगेश्वर पटैल पिता छबीलाल पटैल उम्र 32 वर्ष (2) सरोज यादव पिता मसत राम यादव उम्र 35 वर्ष (3) चैतन पटैल पिता कुमार पटैल उम्र 24 वर्ष सभी ग्राम भेंगारी, थाना घरघोडा (4) श्रवण विशाल पिता हेमलाल विशाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम डहोली थाना लुण्डा जिला सरगुजा हामु ग्राम भेंगारी, थाना घरघोडा जिला रायगढ़ के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया है।

वहीं पूंजीपथरा पुलिस द्वारा गेरवानी बस स्टैण्ड सार्वजनिक स्थल में स्टाईगर गोटी से जुआ खेला रहे जेलपारा रायगढ़ के अकबर खान पिता बफाती खान उम्र 30 वर्ष और राकेश लहरे पिता स्व मोतीराम लहरे उम्र 33 वर्ष को पकड़ा गया जिनके पास जुमला रु.1000 और स्टाईगर गोटी जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना पूंजीपथरा में जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही की गई है।

## प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद राधेश्याम राठिया मतदाता अभिनंदन समारोह में शामिल हुए

सारंगढ़ बिलाईगढ़

राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया बुधवार को जिले के प्रवास पर थे। एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल द्वारा आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में प्रभारी मंत्री वर्मा और सांसद राठिया शामिल हुए। इस अवसर पर कई मतदाताओं को उन्होंने सम्मानित किया। आगमन और कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभारी मंत्री का स्वागत, अभिनंदन किया गया। प्रभारी मंत्री ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन आप सभी मतदाताओं के स्वागत अभिनंदन का दिन है। मैं सभी मतदाताओं का हृदय



से स्वागत अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 विजन में विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ करना है। भारत पुनः विश्व गुरू बनेगा और सोने की चिड़िया कहलाएगा। भारत में कच्चे माल के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नवीन लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को लाभ, धान खरीदी पर किसानों को बोनस, कृषि यंत्रों में सब्सिडी और ड्रोन से खाद का छिड़काव किया जा सकता है। पीएम सूर्य घर योजना से घर-घर बिजली का सोलर लगाइए। अधिक मात्रा में बिजली उत्पन्न होने पर बिजली बेच भी सकते हैं। मंत्री ने अंत में छत्तीसगढ़ी गीत गाया। उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्य घर योजना योजना के तहत देश के एक करोड़ घरों के छत में सौर संयंत्र स्थापित करना है। लोगों को 300 यूनिट बिजली निःशुल्क प्रदान किया जाना है। रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सारंगढ़ विधानसभा के सभी मतदाताओं को हृदय से अभिनंदन। आप लोगों के बदौलत मुझे यह जिम्मेदारी मिली है, जिसका निर्वहन मैं पूरी निष्ठा से करूंगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जवाहर नायक, केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, गणमान्य नागरिकों में सुभाष जालान, ज्योति पटेल, शिवकुमारी चौहान, विलास सारथी, अजय गोपाल, अरविंद हरिप्रिय, मनोज जायसवाल, अजेश अग्रवाल, रामकुमार थूरिया, मयूरेश केशरवानी, नंदिनी वर्मा, अनुपमा केशरवानी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष मतदाता उपस्थित थे।

## किराना दुकान में घुसी माजदा, युवक की मौत

बिलासपुर-रायपुर । आरएनएस



बलौदा-हरदीविशाल में तेज रफ्तार मालवाहक माजदा वाहन सडक़ किनारे दुकान के अंदर जा घुसी। हादसे में किराना दुकान के पास खड़े युवक की दबने से मौत हो गई। वहीं दुकान में सामान लेने आया युवक और ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के स्वजन और ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया। करीब 11 घंटे के बाद शाम को चक्काजाम समाप्त हुआ। घटना बलौदा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार बलौदा कोरबा मुख्यमार्ग में ग्राम हरदीविशाल स्कूल के पास राकेश मनहर के किराना दुकान में कोरबा तरफ सामान लेकर जारी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीपी 8312 अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गई। उस समय राकेश अपने दुकान में फोटो कापी कर रहा था, जिसके कारण बाल बाल बच गया।

दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। फोटो कापी कराने आए अशोक कुमार बनर्जी 46 घायल हो गया। वही पर संत कुमार कुर्रे की बाइक खड़ी थी जो गाड़ी के नीचे आने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। किराना दुकान के पास खड़े राजेंद्र मनहर पिता महेत्तर मनहर 39 वर्ष चपेट में आ गया। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य बलौदा भेजा गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक को लोगों ने खिंचकर बाहर निकाला। घायल ड्राइवर और अशोक कुमार को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा भेजा गया। घायल अशोक कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रिफर किया गया है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 278.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर । आरएनएस

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 278.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 17 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 520.2 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 136.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।



राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 197.5 मिमी, बलरामपुर में 336.5 मिमी, जशपुर में 239.8 मिमी, कोरिया में 247.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 204.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 250.4 मिमी, बलौदाबाजार में 290.4 मिमी, गरियाबंद में 326.4 मिमी, महासमुंद में 217.8 मिमी, धमतरी में 279.1 मिमी, बिलासपुर में 326.2 मिमी, मुंगेली में 314.7 मिमी, रायगढ़ में 327.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 190.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 291.3 मिमी, सक्ती में 253.9 कोरबा में 386.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 340.7 मिमी, दुर्ग में 178.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 252.4 मिमी, राजनांदगांव में 226.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 241.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 185.6 मिमी, बालोद में 265.6 मिमी, बेमेतरा में 163.6 मिमी, बस्तर में 380.9 मिमी, कोण्डागांव में 282.7 मिमी, कांकेर में 270.7 मिमी, नारायणपुर में 311.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 314.5 मिमी और सुकमा जिले में 444.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### नई औद्योगिक नीति 2024-29 पर चर्चा

## मुख्यमंत्री साय ने कहा- छत्तीसगढ़ में होना चाहिए वैल्यू एडिशन का काम

रायपुर । आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग करेगी। नए उद्योगों की स्थापना हो, छत्तीसगढ़ में वैल्यू एडिशन का काम हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले, ऐसी सरकार की मंशा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें मंगलवार को यहां अपने निवास कार्यालय में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा नई औद्योगिक नीति 2024-29 के लिए दिए गए सुझावों पर चर्चा के दौरान कही। इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सीआईआई के छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन आशीष सराफ, वाइस चेयरमैन संजय जैन, नरेंद्र गोयल, आनंद सिंघानिया, रमेश अग्रवाल, पंकज सारडा सहित सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों ने सिंगल विंडो सिस्टम और मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सृजन के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने के प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों और बहुमूल्य खनिजों के विपुल भंडार मौजूद हैं। प्रदेश में लघु वनोपजों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि चाहे खनिज हो या लघु वनोपज, इनका वैल्यू एडिशन छत्तीसगढ़ में ही हो, ताकि प्रदेश को इसका लाभ मिले। साय ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में सैकड़ो एमओयू हुए हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। राज्य सरकार की मंशा है कि यहां नए-नए उद्योग स्थापित हों, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सीआईआई द्वारा नई औद्योगिक नीति के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं, प्रदेश के उद्योग मंत्री और नीति तैयार करने वाली समिति को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सुझावों का अध्ययन कर, अच्छे सुझावों को नई औद्योगिक नीति में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना की है और अगले 5 वर्षों में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इन्हीं लक्ष्यों को पूरा करने हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नई औद्योगिक नीति और विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट भी जारी किया जाएगा।

भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में सिंगल विंडो सिस्टम की प्रशंसा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सिंगल विंडो सिस्टम के लिए एक टाइम फ्रेमवर्क का भी निर्धारण किया जाए। उन्होंने लघु वनोपज का वैल्यू एडिशन, डेयरी उद्योग, स्टील उद्योग में डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्री की काफी संभावनाएं है। छत्तीसगढ़ पॉवर सरप्लस स्टेट है इसलिए यहां डेटा सेंटर स्थापित किए जा सकते है क्योंकि इनमें बड़ी मात्रा में बिजली का उपयोग होता है। सदस्यों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि रियल एस्टेट इंडस्ट्री को नई औद्योगिक नीति में शामिल किया जाए। इस अवसर पर भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों ने नई औद्योगिक नीतियों पर आधारित अपने सुझावों का प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480